दिन– गुरूवार दिनांक– 20/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में नालंदा जिले में पांच सौ सत्रह विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने जिले के सिलाव प्रखंड के नानंद आदर्श मॉडल गांव में डिजिटल लाइब्रेरी, अमृत सरोवर और पार्क का उद्‌घाटन किया। मुख्यमंत्री ने सबैत गांव में अति पिछड़ा वर्ग बालिका आवासीय विद्यालय, नालंदा मोड़ स्थित मत्स्य हैचरी, बिंद प्रखंड में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और बिहारशरीफ के मामू भगिना स्थित फिटनेस पार्क का भी उद्‌घाटन किया। उन्होंने जिले के सात प्रखंडों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का लोकार्पण किया।

——————————————————

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी क्षेत्र अनुसंधान परिसर – आईसीएआर–आरसीईआर का तीन दिवसीय रजत जयंती समारोह आज से पटना में शुरू हो गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन भाजपा विधायक संजीव चौरसिया, आईसीएआर के पूर्वी अनुसंधान परिसर के निदेशक डॉ. अनूप दास समेत अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से किया। प्रगतिशील कृषि विकसित भारत विषय पर केंद्रित समारोह के दौरान किसान मेला, राष्ट्रीय संगोष्ठी, कृषक–वैज्ञानिक संवाद समेत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को स्थापना दिवस का मुख्य आयोजन किया जाएगा। इसमें महिलाओं के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए एकीकृत खेती के मॉडल का शुभारंभ किया जाएगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर राष्ट्रीय महत्व का एक संस्थान है जो बिहार और झारखंड सहित पूर्वी भारत के सात राज्यों के लिए काम करता है।

——————————————————

भारतीय जनता पार्टी की विधायक रेखा गुप्ता ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रामलीला मैदान में आयोजित समारोह में रेखा गुप्ता को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री

के साथ छह कैबिनेट मंत्रियों–प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रवींद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने भी शपथ ली। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कई केंद्रीय मंत्री उपस्थित थे।

——————————————————————

बिहार कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी कृष्ण अल्लावरू प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर आज पटना पहुंचे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। श्री अल्लावरू ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को जमीन पर कार्य करना होगा।

——————————————————————

पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। पटना, गया, भोजपुर, बेगूसराय, पूर्णिया, कटिहार, सुपौल समेत विभिन्न जिलों में न्यूनतम पारा सत्रह डिग्री सेल्सियस के आस–पास पहुंच गया है, जो औसत सामान्य तापमान से तीन से चार डिग्री सेल्सियस अधिक है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सहरसा का अगवानपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान ग्यारह दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। वहीं, पश्चिम चंपारण, जमुई और बांका जिले में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की भी संभावना है।

——————————————————————

पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि चौबीस फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भागलपुर में आयोजित सभा ऐतिहासिक होगी। बेगूसराय में आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री हुसैन ने कहा कि वे लोगों को प्रधानमंत्री की सभा में शामिल होने के लिए न्योता दे रहे हैं।

——————————————————————

जनसुराज पार्टी युवा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद मिश्रा सारण में तीन दिवसीय युवा संघर्ष यात्रा कर रहे हैं। यात्रा के तीसरे दिन उन्होंने आज प्रेसवार्ता कर जिले में बंद चीनी मिल का सवाल उठाया।

————————————————————

शेखपुरा सदर अस्पताल में आज कालाजार उन्नमून को लेकर जागरूकता रथ रवाना किया गया।

————————————————————

बेतिया रेलवे स्टेशन से भारत गौरव ट्रेन का परिचालन सत्ताईस मार्च से शुरू होगा। यह जानकारी आईआरसीटीसी के संयुक्त महाप्रबंधक राजेश कुमार ने बेतिया में संवाददाता सम्मेलन के दौरान दिया है।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।